**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 25.09.2024

## आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा के तहत कार्यशाला एवं साहित्यिक व्याख्यान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 14.09.2024 से 27.09.2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को अधिकाधिक हिंदी में काम करने को प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारी एवं अधिकारी ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे– हिंदी कार्यशाला, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय दिया।

महाप्रबंधक महोदय, श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, आरेडिका "क" क्षेत्र के अधीन आता है एवं हमारे आस–पास के रेलवे जोनों में हिंदी का अच्छा उपयोग होता है। हम भी राजभाषा की प्रगति के लिए कुछ ऐसा करे कि लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करे।

**"हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगें"।**

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डा0 सत्यव्रत ने बताया कि आज दिनांक–25.09.2024 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 चित्तरंजन कुमार ने उपन्यास सम्राट प्रेम चन्द पर साहित्यिक व्याख्यान दिया तथा 24.09.2024 को फिरोज गाँधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 अजेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यालय में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग क्यूँ व कैसे करें विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर अपने राजभाषा हिंदी के ज्ञान को परिष्कृत एवं उन्नत किया।

25/9/2024
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी